प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 22.02.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- कृषि विज्ञान मेला आज से नई दिल्ली में आयोजित– केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान मेले का उद्‌घाटन करेंगे।
- राज्य में बजट घोषणाओं को समय पर पूरा करने के लिए आज और कल प्रभारी मंत्री और सचिव अपने जिलों का दौरा करेंगे।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।
- आज से चूरू महोत्सव का आगाज़–तीन दिन तक होंगे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम।

00000

पूसा कृषि विज्ञान मेला 2025 आज नई दिल्ली में आयोजित होगा। मेले का उद्‌घाटन केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे। तीन दिन के मेले का विषय उन्नत कृषि–विकसित भारत है। कृषि विज्ञान मेले का मुख्य आकर्षण भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान द्वारा विकसित की गई नई किस्मों और प्रौद्योगिकी का सजीव प्रदर्शन है। इसके अलावा, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, कृषि विज्ञान केंद्रों, किसान उत्पादक संगठनों, उद्यमियों और स्टार्ट–अप की आशाजनक प्रौद्योगिकी, उत्पादों और सेवाओं पर प्रदर्शनियां भी आयोजित की जाएंगी।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 फरवरी को किसान सम्मान निधि की 19 वीं किस्त जारी करेंगे। नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि बिहार के भागलपुर में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम से ये राशि जारी की जाएगी। इससे देशभर के ढाई करोड़ किसानों को फायदा मिलेगा।

00000

राज्यस्तरीय कार्यक्रम जयपुर के दुर्गापुरा स्थित राज्य कृषि प्रबंध संस्थान में आयोजित किया जायेगा। कृषि और उद्यानिकी विभाग के शासन सचिव राजन विशाल ने कल कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। शासन सचिव ने नोडल अधिकारियों को समय पर जिम्मेदारी के साथ कार्य पूरा करने के निर्देश दिये। इधर जिलों में भी आयोजित होने वाले जिलास्तरीय कार्यक्रमों की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

00000

मुख्यमंत्री ने बजट घोषणाओं को समय पर पूरा करने के लिए प्रभारी मंत्री और सचिवों को अपने प्रभार वाले जिलों का दौरा करने के निर्देश दिए है। सभी प्रभारी मंत्री और सचिव आज और कल जिलों में बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन और प्रचार–प्रसार सुनिश्चित करेंगे। साथ ही, बजट घोषणा के संबंध में भूमि चिन्हीकरण और आवंटन की स्थिति के बारे में जिला कलेक्टर और संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। इस दौरान वर्ष 2024–25 की बजट घोषणाओं की समीक्षा भी की जायेगी। मंत्री और सचिव द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट 24 फरवरी तक राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर अपलोड की जायेगी।

00000

राज्य विधानसभा ने कल कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद डोटासरा समेत छह विधायकों को बजट सत्र के लिए निलम्बित करने का प्रस्ताव पास कर दिया। इनमें रामकेश मीणा, अमीन कागजी, जाकिर हुसैन गैसावत, हाकिम अली खान और संजय कुमार शामिल है। सदन में विपक्षी सदस्यों की ओर से किये गये हंगामे के बीच आसन की तरफ बढ़ने की घटना को गंभीरता से लेते हुए यह कार्यवाही की गई। कांग्रेस के विधायक इस कार्यवाही के विरोध में सदन में धरने पर बैठ गये। हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित की गई। विधानसभा की कार्यवाही अब सोमवार को 11 बजे शुरू होगी।

00000

राज्य में भारतीय जनता पार्टी का आज प्रदेश अध्यक्ष चुना जायेगा। इसके लिए कल राज्यसभा सांसद और मौजूदा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़ ने अपना नामांकन चुनाव प्रभारी विजय रूपाणी को सौंपा। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और डॉ. प्रेमचंद बैरवा, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी उपस्थित रहे। श्री रूपाणी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि इसी के साथ राष्ट्रीय परिषद के लिए 25 सदस्य भी चुने जाएंगे।

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 119वां कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा। मन की बात का सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनल पर भी किया जाएगा। हिन्दी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से प्रादेशिक भाषाओं में इस कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा।

00000

राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–रीट 2024 में नकल रोकने और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए पहली बार परीक्षा में फेस रिकॉग्नाइजेंशन तकनीक का उपयोग किया जाएगा। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के प्रशासक महेश चन्द्र शर्मा ने बताया कि इस तकनीक के जरिये प्रवेश–पत्र में लगी फोटो के बार कोड का परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित अभ्यर्थी से मिलान किया जाएगा। अभ्यर्थी के फिंगर प्रिंट भी लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इसके अलावा परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी से निगरानी रखी जाएगी। गौरतलब है कि रीट परीक्षा आगामी सत्ताईस और अठाईस फरवरी को आयोजित की जायेगी।

00000

चूरू में आज से तीन दिन चलने वाले महोत्सव का आगाज़ हुआ। महोत्सव की शुरूआत शोभायात्रा के साथ हुई। हमारे संवाददाता ने बताया कि महोत्सव के दौरान गायन, वादन सहित कई तरह की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी।

00000

राजधानी जयपुर में एल्बर्ट हॉल पर पर्यटन विभाग के पाक्षिक कार्यक्रम कल्चरल डायरीज़ के तहत आज पद्मश्री से सम्मानित लोकगायक गनी बंधुओं की प्रस्तुति होगी। गनी बन्धुओं ने प्रदेश के मांड गायन को नए सिरे से परिभाषित किया है। इससे पहले कल हाडौती क्षेत्र के लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां हुई। वहीं कल से गोविंददेवजी मंदिर में होली का उत्सव शुरू होगा। इस दौरान विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायें।

00000

उधर उदयपुर में कल से दो दिन के मीरा महोत्सव की शुरूआत हुई। इसका आयोजन दिल्ली साहित्य अकादमी की ओर से किया जा रहा है। हनुमानगढ में कल से कलश यात्रा के साथ महाशिवरात्रि महोत्सव की शुरूआत हुई। सात दिन चलने वाले इस महोत्सव में विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे।

00000

प्रयागराज में महाकुंभ में त्रिवेणी संगम पर अब तक उनसठ करोड़ 31 लाख से अधिक श्रद्धालु पवित्र स्नान कर चुके हैं। दुनिया भर से लाखों श्रद्धालु हर दिन इस दिव्य और भव्य उत्सव में पहुंचकर आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। इस बीच 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर होने वाले महाकुंभ के अंतिम स्नान की तैयारियां शुरू हो गई हैं। उत्तरप्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक ने महाकुंभ क्षेत्र पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर इस भव्य आध्यात्मिक समागम के अंतिम दिन भारी भीड़ उमड़ने की उम्मीद है।

00000